भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

07.08.2024 के

अतारांकित प्रश्न सं. 2704 का उत्तर

अम्बिकापुर-दुर्ग ट्रेन की समय-सारणी में संशोधन

2704. श्री चिन्तामणि महाराज:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का विचार अम्बिकापुर-दुर्ग पैसेंजर ट्रेन-18242 की समय-सारणी में संशोधन करने का है ताकि उत्तर-दक्षिण यात्रा रेलगाड़ियों और उड़ानों को जोड़ने के लिए प्रातः 0700 बजे रायपुर जंक्शन पहुंचा जा सके और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार का विचार संपर्क क्रांति दुर्ग-हज़रत निजामुद्दीन, जो वर्तमान में सोमवार, बृहस्पतिवार और शनिवार को चलती है, को दैनिक आधार पर चलाने का है;

(ग) क्या सरकार का विचार अम्बिकापुर हजरत निजामुद्दीन सुपरफास्ट 22408 का नाम बदलकर सुरगुजा सुपरफास्ट एक्सप्रेस करने का है; और

(घ) क्या सरकार का विचार अम्बिकापुर से इसके फेरे सप्ताह में एक बार से बढ़ाकर दो दिन करने और हजरत निजामुद्दीन, दिल्ली से इसके फेरे दो दिन करने का है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (घ): भारतीय रेल पर गाड़ियों के समय में परिवर्तन करना और मौजूदा गाड़ियों के फेरे बढ़ाना सतत् प्रक्रिया है जो यातायात की मांग और परिचालनिक व्यवहार्यता के अध्यधीन है।

इसके अलावा, गाड़ियों का नामकरण वर्तमान नीतिगत दिशा-निर्देशों के अनुसार किया जाता है और तदनुसार, गाड़ियों के नाम शहरों, राज्यों, नदियों, पहाड़ों, क्षेत्रों, राजवंशों, स्मारकों, प्रसिद्ध पुस्तकों, गाड़ियों की विशेष विशिष्टियों, स्थान आदि के नाम पर रखे जा सकते हैं।

****